**भारत सरकार**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 2812**

**उत्तर देने की तारीख : 12.12.2024**

**प्रौद्योगिकी केंद्र**

2812. **श्रीमती भारती पारधी :**
**श्री धर्मेन्द्र यादव :**
**श्री श्रीरंग आप्पा चंदू बारणे :**
**श्री अरविंद गणपत सावंत :**

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने विश्व बैंक से सहायता प्राप्त टेक्नोलॉजी सेंटर सिस्टम्स प्रोग्राम (टीसीएस) के अंतर्गत मौजूदा प्रौद्योगिकी केन्द्रों के नेटवर्क में वृद्धि करने के लिए नए प्रौद्योगिकी केन्द्रों की स्थापना-विस्तार किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर कितना व्यय हुआ है;

(ग) विशेषकर उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में अब तक कितने नए प्रौद्योगिकी केन्द्रों की स्थापना की गई है;

(घ) उक्त प्रौद्योगिकी केन्द्रों/विस्तारित प्रौद्योगिकी केन्द्रों द्वारा एमएसएमई और कौशल सीखने की इच्छा रखने वालों को प्रदान की गई सेवाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) उक्त नए प्रौद्योगिकी केन्द्र/विस्तारित प्रौद्योगिकी केन्द्र एमएसएमई को कुशल बनाने, परामर्श प्रदान करने और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने में किस हद तक सहायक हैं?

**उत्तर**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री**

**(सुश्री शोभा करांदलाजे)**

(क) और (ख) : मौजूदा प्रौद्योगिकी केंद्रों के नेटवर्क के प्रसार के लिए, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय ने विश्व बैंक की सहायता प्राप्त प्रौद्योगिकी केंद्र प्रणाली कार्यक्रम (टीसीएसपी) के तहत 9 नए प्रौद्योगिकी केंद्र (टीसी) स्थापित किए हैं और नए प्रौद्योगिकी केंद्रों/विस्तार केंद्रों (टीसीईसी) की स्थापना योजना के तहत 25 विस्तार केंद्रों (ईसी) की स्थापना की जाएगी, जिस पर क्रमशः 1555.56 करोड़ रुपए और 214.55 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

(ग) : टीसीएसपी के तहत उत्तर प्रदेश के कानपुर और ग्रेटर नोएडा में 2 टीसी और मध्य प्रदेश के भोपाल में 1 टीसी स्थापित किया गया है। महाराष्ट्र राज्य में कोई टीसी स्थापित नहीं किया गया है।

(घ) और (ङ) : ये नए टीसी/ईसी एमएसएमई को तकनीकी और व्यावसायिक परामर्श संबंधी सहायता देते हैं और युवाओं को तकनीकी कौशल विकास के अवसर प्रदान करते हैं। इन नए टीसी/ईसी ने नवंबर, 2024 तक 1,29,514 से अधिक प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षित किया है और एमएसएमई सहित 3800 से अधिक उद्योगों को सहायता प्रदान की है।

*****